**श्री हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय , तावडू, नूँह (मेवात)**

# वार्षिक-प्रतिवेदन- रिपोर्ट 2020-21


**प्रस्तुतकर्ता**
**श्री शिशान सिंह**
**एक्सटेंसन प्राध्यापक**
**हिंदी-विभाग**

**श्री.दिलबाग सिंह**
**प्राचार्य**
**एच० ई० एस०-**
**हरद्वारी लाल गोयल**
**राजकीय महाविद्यालय**
**तावडू, (नूँह)**


श्री हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय , तावडू, नूँह, (मेवात)

महोदय जी,

हरियाणा प्रांत के जिला नूह (मेवात) व तावडू, तहसील के क्षेत्र में स्थापित शिक्षण संसथान (महाविद्यालय को तावडू, के दानशील समाज सेवी एवं शिक्षा अनुरागी स्वर्गीय श्री हरद्वारी लाल गोयल जी ने इस क्षेत्र के शैक्षिक पिछड़ेपन के उन्मूलन तथा उच्चतर शिक्षा के प्रसार एवं विस्तार के स्वपन को साकार करने की पवित्र भावना से प्ररित होकर इस संस्था को बनाकर हरयाणा सरकार को 14 जुलाई, 1989 को संचालन के लिए सौंप दिया गया | सरसों और गेंहू के लहराते खेतो के बीच यह महाविद्यालय तावडू नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर प्रकृति के आँचल में स्थापित है| इस संस्था के देखते ही प्राचीनकाल के ऋषियों के आश्रमों, तपोवनों और अध्ययन-स्थलों के मनोहरी कल्पना-चित्र मन में सदेव उभर आते है| यह महाविद्यालय लगभग 13 एकड़ भूमि पर अपना विस्तृत विस्तार पाया हुआ है| यह भवन 19 अध्यापन कक्षों तथा एक प्रशासनिक भवन में युक्त है| महाविद्यालय में पुस्तकालय, प्रयोग-शाला, जलपान ग्रह, खेल-मैदान, साईकल व स्कूटर स्टैंड आदि सभी सुविधाए उपलब्द है| "श्रीमती पुष्पा देवी गोयल सभागार का निर्माण इस महाविद्यालय के संस्थापक श्री हरद्वारी लाल गोयल जी के सुपुत्र श्री सुभास गोयल जी, श्री बिन्नी गोयल तथा उनकी पुत्रवधू श्रीमती नीतिका गोयल की सहायता से सम्पन्न हुआ है|

## शैक्षिक क्षेत्र

महाविद्यालय में कला संकाय, वाणिज्य संकाय, और विज्ञान संकाय, के अन्तर्गत 754 विद्यार्थी अध्ययनरत है| इसमें छात्र 548 तथा छात्राए 206 है| महाविद्यालय में हिंदी-विभाग, अंग्रेजी-विभाग, इतिहास-विभाग, राजनितिक विज्ञान, अर्थशास्त्र-विभाग, गणित-विभाग, भूगोल-विभाग, वाणिज्य संकाय तथा विज्ञान संकाय के विषयों का अध्यापन सुयोग्य प्राध्यापको द्वारा किया जा रहा है|

## प्राध्यापक-मण्डल

महाविद्यालय में इस समय 17 प्राध्यापक कार्यरत है, जिनमे से 06 स्थायी प्राध्यापक और 11 एक्सटेंसन लेक्चर्र है| महाविद्यालय की आवश्यकता अनुसार एवं उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देसानुसार महाविद्यालय में पर्याप्त प्राध्यापको की व्यवस्था की गयी है| महाविद्यालय के कंप्यूटर प्रयोग-शाला में, कंप्यूटर शिक्षिका कार्यरत है, और अंग्रेजी प्रयोगशाला में लैब अनुदेशक भी कार्यरत है|

## कार्यालय

महाविधालय में श्री सुनीला दत्त स्थाई सहायक डिप्टी सुपरीडेंट के निर्देशन में एक स्थाई कलर्क, एक अस्थाई लिपिक एक टंकण अनुदेशक, एक स्थाई सहायक प्रयोगशाला व 14 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है|

## महत्वपूर्ण उत्सव दिवस - 2020-21

1. दिनांक 21/05/20 को आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया | जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की यह कार्यक्रम ऑनलाइन किया गया, जिसमें बढ़ते हुए आतंकवाद के खतरे को देखते हुए विचार-विमर्श किया गया |
2. दिनांक 15/08/20 को महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ०. रमेश कुमार के द्वारा ध्वजारोहण किया गया देश के शहीदों को नमन किया गया | और राष्ट्रीय एकता व अखंडता की रक्षा के लिए सभी ने संकल्प लिया |
3. दिनांक 14/09/20 को महाविद्यालय में गूगल मीट के माध्यम से हिंदी-दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया | जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रचार्य ने की हिंदी भाषा पर अपने विचार व्यक्त किये | और इसमें महाविद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं ने गूगल मीट के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया |
4. दिनांक 12/01/20 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जनम उत्सव मनाया गया | जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के सिनियर प्रो०. ऋषि जून ने की उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर अपने विचार रखे, और स्वामी के बताये हुए मार्ग पर चलने की बात रखी | और समाज में फैली कुरूतियों को जड़ से खत्म करने की बात कही |
5. दिनांक 26/01/21 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया |इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ०. रमेश कुमार व विशिष्ट अतिथि में विमल कुमार सहायक प्रो०.नेशनल लॉ विश्वविद्यालय जबलपुर (मध्यप्रदेश ) रहे | गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण डॉ. विमल कुमार सहायक प्रो०. द्वारा किया गया, और देश के शहीदों को नमन किया गया, भारतीय संविधान को लागू होने पर देश को एक गणतन्त्र बन्ने

पर सभी को शुभकामनाए दी | इस दिन पुरे भारत वर्ष मे गणतंत्र दिवस बडे धूमधाम से मनाया जाता है |

6. दिनांक 13/04/21 को हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय तावडू, मे भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर का जन्म उत्सव दिवस मनाया गया | जिसमे मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य श्री. दिलबाग सिंह रहे | और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० सूबे सिंह ने की, प्राचार्य ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जीवन दर्शन और भारतीय संविधान पर अपने विचार रखे | और भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाने का श्रेय डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दिया | डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्म उत्सव पर महाविद्यालय मे प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी किया गया | जिसमे पहला स्थान, दूसरा स्थान,और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया |

## हिंदी-विभाग

दिनांक 14/09/20 को हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय , तावडू मे ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से हिंदी-दिवस कार्यक्रम मनाया गया | जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रमेश कुमार ने की | जिससे महाविधालय मे छात्र व छात्राओ ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया हिंदी-दिवस पर कविता पाठ, निबंध, भाषण प्रतियोगिताओ आयोजन किया गया |

## पुस्तकालय

किसी भी महाविद्यालय की शैक्षिक सम्पन्नता का सूचक उसका पुस्तकालय हुआ करता है | पुस्तकालय महाविद्यालय रूपी मंदिर का स्थल है, जहाँ ज्ञान पिपासु, ज्ञान प्राप्ति के उच्चतम सोपानो को प्राप्त करता है | महाविद्यालय के पुस्तकालय मे 11348 लगभग श्रेष्ठ पुस्तके विधमान है | जिनमे प्राचीन ज्ञान में संरक्षण के साथ-साथ नूतन ज्ञान गंगा भी प्रवाहित होती है | महाविद्यालय के पुस्तकालय मे श्रीमती रूबी देवी सहायक पुस्तकालय तथा श्री विकास कुमार रिस्टोरर कार्यरत है | दिन प्रतिदिन की घटनाओ की जानकारी देने के लिए महाविद्यालय के वाचनालय में अंग्रेजी व हिंदी के 7 समाचार पत्र एवं 3 पत्रिकाय नियमित रूप से आती है | 1.सामान्य ज्ञान 2.परतियोगिता दर्पण 3.सक्षम पत्रिका | महाविद्यालय के

पुस्तकालय में इस वर्ष ऑनलाइन अध्ययन के लिए (N.LIST SUBSCRIPTION) की सूची है |जिसमे विधार्थी अपनी पढाई ऑनलाइन कर सकते है | किताबे और जर्नल भी ऑनलाइन पढ सकते है |

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी के रूप में डॉ०. प्रवीण कुमार कार्य कर रहे है| इनके निर्देशन में विधार्थियों की एक इकाई संचालित की जा रही है, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज़ प्रथा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नारी शिक्षा, राष्ट्रयक्ति और समाज सुधार इत्यादि, विषयों पर जन जागरण का कार्य किया जाता है |

1. दिनांक 06/08/2020 से 13/08/2020 तक महाविद्यालय में वृक्षाबंधन कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया | जिसमे N.S.S. के सभी वोलंटियर्स ने सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए पोधा रोपण कार्य में भाग लिया |
2. दिनांक 15/08/20 आत्मनिर्भर भारत के उपल्क्ष में एक ऑनलाइन प्रतियोगिता करवाई, जिसमे N.S.S. के वोलंटियर्स ने पोस्टर बना कर वृक्षारोपण पर अधिक से अधिक पोधे लगाने का संदेश दिया |
3. दिनांक 24/10/2020 को संयुक्त राष्ट्रीय दिवस मनाया गया | इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व के सभी देशो को एक साथ जोड़ना है, जिससे विशव में शान्ति, सदभावना, प्यार और मानव कल्याण को बढ़ावा देना है |
4. दिनांक 12/01/2021 को महाविद्यालय में N.S.S. के वोलंटियर्स के द्वारा स्वामी विवेकानंद जन्म उत्सव मनाया गया | जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र व छात्राए शामिल हऐ | प्राध्यापकों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया |
5. दिनांक 16/01/2021 से महाविधालय में 18/01/2021 से युवा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया | जिसमे N.S.S. के वोलंटियर्स द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया | व्रक्ष पर चित्र बनाये गये, और कुछ वोलंटियर्स ने गुब्बारों के ऊपर एड्स H.I.V. जान लेवा बीमारी लिखकर समाज को जागरूक करने का कार्य किया |

6. दिनांक 25/01/2021 को महाविद्यालय तावडू में तंबाकू विरोधी दिवस मनाया गया |इस कार्यक्रम में N.S.S. के वोलंटियर्स ने पोस्ट मेकिंग में भाग लिया, और दुसरे विधार्थियों को तंबाकू की हानिया से होने वाली खतरनाक बीमारियों के विषय में बताया | और महाविद्यालय के प्रागणको तंबाकू रहित रखने का संकल्प लिया |

**महिला प्रकोष्ठ**

महाविद्यालय का महिला प्रकोष्ठ श्रीमती प्रीती सिंघल के निर्देशन में कार्य कर रहा है | महिला के विकास और नारी चेतन को मजबूती प्रदान करने और महिला को समाज में सम्मान देने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ का निर्माण महाविद्यालय में किया गया |इसमें महिलाओ से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का समय-समय पर आयोजन किया जाता है |

1. दिनांक 04/02/2021 को महाविद्यालय तावडू में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत छात्राओं को अपनी आत्म सुरक्षा करने का परिशिक्षण दिया | यह परिशिक्षण लगभग 7 दिवसीय रहा | इसमें छात्राओं को लगभग अपने बचाव करने के सभी परिशिक्षण के गुण सिखाए गए |
2. दिनांक 01/06/2021 को महिला प्रकोष्ठ की और से चयनित छात्राओं को पोस्टर ऑनलाइन अपलोड किया गया | जिसमे 05/06/2021 को जूम ऐप के माध्यम से विशव प्रर्यावरण दिवस को मनाया गया |जिसमें इको-सिस्टम रेस्टोरेशन व पोस्टर मेकिंग पर प्रतियोगिता करवाई गई | जिसमे किरण पुत्री चरण सिंह ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर और उसमे चयनित सूची में आकर महाविद्यालय व अपने राष्ट्र का नाम रोशन किया |

**वित्तानुदेशक**

श्री सुबेसिंह ऐसोसेट प्रोफ़ेसर वाणिज्य संकाय महाविद्यालय में वित्तानुदेशक के रूप में कार्य कर रहे है | महाविद्यालय की सभी विधियों का उचित उपयोग, उनका निरिक्षण परिक्षण इनके द्वारा ही संथापित होता है |

सरकारी अनूदान |

हरियाणा सरकार के द्वारा वर्ष 2021 में महाविधालय को विभिन्न प्रकार का सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। महाविधालय में इन अनुदानों का समुचित उपयोग किया गया है। उनका विवरण इस प्रकार से है।

1. पुस्तकालय के लिए 248956 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।
2. महिला प्रकोष्ठके लिए - 30000 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।
3. EWYZ-20000 अरन वॉय लर्न स्कीम के अनूसार- 20000/ रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।
4. प्रयोगशाला प्रशिक्षण के लिए - 70000 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

**छात्रवृत्तियां**

महोदय जी, वर्तमान सत्र 2020-21 में अनुसूचित व पिछड़ी जाती के निर्धन विधार्थियों के लिए हरियाणा सरकार से प्राप्त छात्रवृति ऑनलाइन बैंक खाते में सीधे डाल दी गयी है।

1. स्नातक मेधावी छात्रवृति स्कीम के आधार लड़कियों को हरियाणा सरकार ने टॉप टेन लड़कियों को स्कीम के अधार पर मेधावी छात्रवृति में चयन किया गया। उनके बैंक खातों में 30000/- धनराशी डाल दी गयी है।
2. हरियाणा राज्य स्तरीय छात्रवृति 10+2 के आधार हरियाणा स्तर पर एक छात्र का चयन हुआ है, उसके बैंक खाते में 3000/- डाल दिये गये।

Principal
H.L.C. Government College
TAURU (NUH)

वार्षिक-प्रतिवेदन रिपोर्ट समीति- 2020-21

1. श्री शिशान सिंह
2. डॉ० राकेश कुमार
3. श्री सुनील कुमार
4. श्रीमती योगिता शर्मा